Seventeenth Loksabha

an>

Title: **Need to waive off loans of farmers in Indore parliamentary constituency,Madhya Pradesh.***h

श्री शंकर लालवानी (इन्दौर): महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

महोदय, देश में इस बार अनुकूल मौसम को देखते हुए हमारे क्षेत्र के किसानों ने बड़ी तादाद में सोयाबीन की बुआई की थी। उम्मीद जताई जा रही थी कि जिस प्रकार गेहूँ बंपर मात्रा में हुआ है, उसी प्रकार तिलहन की फसल भी बंपर मात्रा में होगी।

मालवा और निमाड़ सहित अन्य क्षेत्रों में बारिश हुई, लंबे अंतराल तक अधिक वर्षा हुई और तापमान भी अधिक होने के कारण सोयाबीन की फसल प्रभावित हुई है। सोयाबीन की फसल पूरी तरह से बर्बाद हुई है। सोयाबीन की फलियों में दाना तक नहीं लगा है। यहाँ तक कि येलो मोजेक नामक वायरस का असर भी सोयाबीन फसल पर देखने को मिल रहा है। किसानों के बीज और अन्य खर्च की लागत भी नहीं निकल पा रही हे। ऐसी स्थिति में किसान कर्ज कैसे चुकाएगा?

इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी से आग्रह करूँगा कि किसानों द्वारा बैंक से लिये गये फसल ऋण तथा ब्याज की वसूली को स्थगित किया जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा, डॉ. सुजय विखे पाटील और श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे को श्री शंकर लालवानी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री ए. राजा – उपस्थित नहीं। श्री अरविंद सावंत।